बैरागढ़ में सफाई व्यवस्था असंतोषजनक, अधिकारियों की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था और पटाखा बाजार में अग्नि सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। बैरागढ़ क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी और सहायक स्वास्थ्य अधिकारी की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने लिंक रोड नंबर-2, भारतमाता चौराहा, स्मार्ट सिटी क्षेत्र, पॉलीटेक्निक, वीआईपी रोड, लालघाटी, बैरागढ़, संत हिरदाराम नगर और फंदा-सीहोर मार्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सड़कों, फुटपाथों, सेंट्रल वर्ज, साइड वर्ज और रोटरियों के किनारे जमा धूल-मिट्टी हटाने तथा धुलाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई मित्रों से भी चर्चा की। हलालपुर पटाखा बाजार में आयुक्त ने नगर निगम द्वारा की गई अग्निशमन व्यवस्था, फायर अमले की तैनाती, उपलब्ध उपकरणों और आपातकालीन द्वार का निरीक्षण किया। उन्होंने फायर अमले से अग्नि सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी प्राप्त की और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने सभी पटाखा व्यवसायियों को दुकानों पर अग्निशमन संबंधी कमियां तत्काल दूर कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने सीहोर रोड पर फंदा के निकट प्रवेश द्वार निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया और निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अमन मिश्रा, उपायुक्त भुवन गुप्ता, मुख्य अभियंता संतोष गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पटाखा दुकानों में अग्नि सुरक्षा की कमियां दूर करने निगम ने जारी किए नोटिस

नगर निगम द्वारा पटाखा बाजारों में अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए निरीक्षण किया जा रहा है। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने हलालपुर पटाखा बाजार का निरीक्षण कर दुकानदारों को कमियां दूर करने के निर्देश दिए और नोटिस जारी किए। निगम आयुक्त ने सुबह 6 बजे बाजार का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं बेहतर रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण में दुकानों के बाहर ज्वलनशील पदार्थ, खुले बिजली के तार, कम संख्या में फायर एक्सटिंग्विशर, अपर्याप्त पानी और बंद आपातकालीन द्वार जैसी कमियां मिलीं। कई दुकानों पर रेत की बाल्टियों में कचरा भरा था, जबकि कुछ दुकानों पर बाल्टियां नहीं थीं। निगम अमले ने ज्वलनशील पदार्थ हटाने, बिजली के तारों की मरम्मत, पर्याप्त फायर एक्सटिंग्विशर और रेत की बाल्टियां रखने तथा आपातकालीन द्वार खुलवाने के निर्देश दिए। बाजार में मदिरापान और धूम्रपान प्रतिबंधित करने को भी कहा गया। निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने पर 8 हजार रुपये का स्पॉट फाइन वसूला गया। नोटिस में दुकानदारों को वैध लाइसेंस रखने, अधिकृत निर्माता से आतिशबाजी खरीदने और उसे मूल पैकिंग या स्पार्क-प्रूफ कंटेनर में रखने के निर्देश दिए गए हैं। दुकानों में एलईडी लाइट और एमसीबी, सीओ२ तथा डीसी प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर, प्रशिक्षित कर्मचारी और बाधारहित आपातकालीन निकास अनिवार्य किया गया है। दुकानदारों को नजदीकी फायर ब्रिगेड और कंट्रोल रूम के नंबर उपलब्ध रखने तथा दीवारों पर चस्पा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। व्यवस्थाएं सुनिश्चित नहीं करने पर लाइसेंस निरस्तीकरण का प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी गई है।

महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल राइज एवं जस्टिस तन्खा मेमोरियल इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में गांधीनगर स्थित संस्थान में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

चिरायु मेडिकल कॉलेज, भोपाल की डीन (अकादमिक एवं रिसर्च) एवं प्रोफेसर ऑफ पैथोलॉजी डॉ. रीनी मलिक ने महिलाओं को पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्तन कैंसर के शुरुआती लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने युवतियों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता किट वितरित की गईं। क्लब अध्यक्ष शीबा परवेज, परियोजना समन्वयक नाहिद ताहिर एवं रूबीना ताजवर ने स्वागत किया। आयशा हसन ने संचालन किया तथा नाहिद ताहिर ने आभार व्यक्त किया। क्लब अध्यक्ष ने महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए भविष्य में भी जागरूकता गतिविधियां जारी रखने की बात कही।

इंस्टा पैच तकनीक से सड़कों के गड्ढों की मरम्मत तेज

भोपाल। नगर निगम द्वारा शहर में सड़कों के संधारण का कार्य तेज गति से जारी है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 38, जोन क्रमांक 9 में इंस्टा पैच तकनीक से सड़कों के गड्ढों और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत का कार्य त्वरित गति से पूरा कराया गया।

विशेष अभियान के तहत सेमरा रोड, पुरुषोत्तम नगर और बाबू कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सड़क मरम्मत की गई। इंस्टा पैच तकनीक से क्षतिग्रस्त हिस्सों को कम समय में ठीक कर यातायात के लिए सुगम बनाया जा रहा है। पारंपरिक तरीके की तुलना में इस तकनीक से मरम्मत कार्य तेजी से पूरा हो रहा है। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर सड़क संधारण कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही अन्य क्षतिग्रस्त स्थानों का निरीक्षण कर मरम्मत की योजना बनाई गई है। नगर निगम का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और सड़कों को सुगम बनाना है।

सागर पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में दिखी 'पावर ऑफ बिलीफ' की झलक



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सागर पब्लिक स्कूल, कटारा एक्सटेंशन में कक्षा पहली से तीसरी तक के 800 विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ वार्षिकोत्सव 'अल्केमिस्ट: पावर ऑफ बिलीफ' आयोजित किया गया।

नन्हे विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से आत्मविश्वास, संघर्ष और सफलता में परिवार के सहयोग की महत्ता बताई।

प्रस्तुतियों में राजमाता जीजाबाई, छत्रपति शिवाजी महाराज, शहीद भगत सिंह, थॉमस अल्वा एडिसन, गुंजन सक्सेना और फोगाट बहनों के जीवन प्रसंगों को दर्शाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आशा सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले आयोजित समारोह में शैक्षिक रणनीतिकार शालिनी नाम्बियार मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। प्राचार्य प्राची वर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। हेडमिस्ट्रेस रुपिंदर अरोड़ा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह संपन्न हुआ।

डॉ. मीना मोटवानी 43 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय की समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मीना मोटवानी 43 वर्षों की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर महाविद्यालय सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

प्रबंध कार्यकारिणी और प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और उपहार भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में उनके पति धर्मप्रकाश मोटवानी सहित परिवारजन उपस्थित रहे। डॉ. मोटवानी ने केक काटकर अपने कार्यकाल को अविस्मरणीय बताया।

कार्यक्रम में सोसाइटी अध्यक्ष दयालदास डेटानी, महासचिव राजेंद्र मनवानी, सचिव अशोक आडवानी, कोषाध्यक्ष दिनेश वाधवानी सहित प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

परिशिष्ट B-संख्यांक 13

सिविल कोर्ट गोहरगंज जिला रायसेन
द्वितीय सिविल जज सीनियर डिवीजन, गोहरगंज रायसेन

(नोटिस प्रकाशन हेतु उत्तराधिकार)

एमजेसी एसयूसी/2/2026

पन्ना लाल शर्मा बनाम भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

NEXT DATE 08-12-2026

प्रेषिती- सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पन्ना लाल शर्मा पता वार्ड क्रमांक-14 राहुल नगर मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र ने मृतक सत्यनारायण शर्मा पुत्र अयोध्या प्रसाद शर्मा, 14 राहुल नगर मंडीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन एवं धनियाखेड़ी जिला रायसेन म0प्र0 की भारतीय स्टेट बैंक यसवंत नगर सागर रोड रायसेन के खाता क्र. 39840830334 में कुल जमा राशि लगभग 90490 रुपये राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08-12-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08-12-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 11-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।1. **कृपया ध्यान दें:-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

देवेन्द्र अतुलकर, न्यायाधीश
द्वितीय सिविल जज सीनियर डिवीजन

3026

लोक आस्था के चार दिनी महापर्व छठ पूजा की तैयारियां शुरू



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोजपुरी समाज के लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा की तैयारियां जोर शोर से जारी हैं। इसी क्रम में भोजपुरी एकता मंच के तत्वावधान में छठ पूजा का मुख्य कार्यक्रम शीतल दास की बगिया कमला पार्क घाट पर आयोजित की जाएगी।

मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि इस बार पूरे घाट को पीले रंग के कपड़े से सजाया जाएगा। जगह-जगह ध्वज लगाए जाएंगे। केले के पेड़ से, आम के पत्तों से तोरण द्वार बनाए जाएंगे। 51 किलो गुलाब के पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा की जाएगी। 2100 दीपों का दीपदान होगा। नौका विहार होगा। अर्घ्य के लिए गाय के कच्चे दूध की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम के समापन पर स्वल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। आतिशबाजी होगी इसके पूर्व नगर निगम के सहयोग से शीतल दास के बगिया सहित विभिन्न घाटों की साफ सफाई की जाएगी घाटों की मरम्मत एवं रंग-रंगों के कार्य अति शीघ्र नगर निगम शुरू करने वाला है। महापर्व के दौरान भोजपुरी साहित्य अकादमी के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जिसमें गायक कलाकार हसनाथ उर्फ मिठू मिश्रा बिहार से, सक्षम शर्मा बनारस से प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में अतिथियों को आमंत्रित करने का काम शुरू कर दिया है। संस्था के संरक्षक चेतन सिंह के नेतृत्व में सोमवार को भोपाल जिला प्रभारी मंत्री चेतन कुमार काश्यप को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद, विमल कुमार सिंह, मोहन जायसवाल, अरुण ओझा आदि उपस्थित रहे।

मौज में रहो, मौज करो नहीं : अनुभवानंदजी



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मानस भवन के पं. रामकिंकर उपाध्याय सभागार में छठवें दिवस की समापन संध्या पर महाभारत के उद्योग पर्व के सनत सुजातीय उत्तरार्ध, अध्याय-4 पर प्रवचन करते हुए अनुभवानंदजी ने कहा कि कर्म के माध्यम से आनंद प्राप्त करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। कर्म आनंद की अभिव्यक्ति बने, यही मन:स्थिति योग कहलाती है।

उन्होंने कहा कि भगवान का प्राकट्य आनंद के रूप में होता है। आनंद वह अवस्था है, जिसमें 'मैं' और 'तू' का भाव समाप्त हो जाता है। सरल उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि गहरी नींद में न 'मैं' होता है, न 'तू', न जवान और न बूढ़ा। जब मन सहज हो जाता है, तब उसमें आनंद प्रकट होता है।

अनुभवानंदजी ने कहा कि केवल साधु-संन्यासी ही आनंद में रह सकते हैं, ऐसा नहीं है। धर्मशास्त्रों के अनुसार गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी आंतरिक पवित्रता और सहज भाव बनाए रखने पर भगवान प्रकट होते हैं।

मंत्रालय में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन

नप्र, भोपालः नवम्बर माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर सोमवार को मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम सहकारिता, मंत्री विश्वास सारंग के आतिथ्य में आयोजित किया गया। पुलिस बैंड ने देशभक्ति से ओतप्रोत मधुर धुनें प्रस्तुत कीं। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित मंत्रालय, वल्लभ भवन, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी तथा पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 028/अ-70/2026-27
दिनांक 30/10/2026
ग्राम इमलिया प.ह.ल.29

ईशतहार

सर्वसाधारण विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक वासुदेव केशवानी आ0 स्व0 रमेश कुमार केशवानी निवासी म.नं-बी-4/401 ग्लोबस ग्रीन एकर्स अपार्टमेंट लालघाटी भोपाल म.प्र.ने इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम इमलिया प.ह.नं-29 तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 253/2/2, 253/2/1/2 रकबा क्रमशः 1.1120, 0.405 हे. भूमि आवेदक के स्वत्व स्वामित्व पर दर्ज है। जिसका सीमांकन दिनांक 14/05/2025 को राजस्व निरीक्षक द्वारा किया गया। जिसमें भूमि खसरा क्रमांक 253/2/2 कुल रकबा 1.1120 हे0 में से अंश भाग रकबा 0.1841 हे. पर एवं रकबा 0.0200 हे. भूमि पर अनावेदक अशोक मीना एवं विष्णु मीना पुत्रगण कृपाराम का अवैध कब्जा पाया गया सीमांकन रिपोर्ट संलग्न है। आवेदक द्वारा संबंधित भूमि पर कब्जा दिलाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 16/11/2026 नियत है। उक्त उदघोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 30/10/2026 को जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

न्यायालय जिला विभागीय जॉच अधिकारी जिला-रायसेन (म.प्र.)

कार्यालय कलेक्टर, जिला-रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक/105/01/विभा. जॉच/2026 रायसेन, दिनॉक 30/10/2026

विज्ञप्ति

इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री पी.हर्ष नायडू, सहायक ग्रेड-3 तहसील कार्यालय देवरी जिला रायसेन के विरूद्ध कलेक्टर रायसेन के आदेश क्रमांक 6405/स्थापना/ 2026 दिनांक 24.6.2026 द्वारा दिनांक 22.10.2024 से अनाधिकृत रूप से निरंतर अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहने के फलस्वरूप उनके विरूद्ध अधिरोपित आरोपों के संबंध में विभागीय जॉच संस्थित की जाकर जॉच अधिकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता को नियुक्त किया गया है। श्री पी.हर्ष नायडू, सहायक ग्रेड-3 तहसील कार्यालय देवरी जिला रायसेन को इस न्यायालय में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र कमांक 35/विभा. जॉच/2026 दिनांक 23.7.2026, 41/विभा. जॉच/2026 दिनांक 30.7.2026 सूचना पत्र के माध्यम से विभागीय जॉच प्रारंभ करने हेतु सूचना दी गई किन्तु वह आज दिनांक तक उपस्थित नहीं हुये है। अतः प्रकरण में दिनांक 16.11.2026 को प्रातः 11.00 बजे न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विभागीय जॉच अधिकारी जिला रायसेन में सुनवाई हेतु तिथि नियत की गई है। श्री पी. हर्ष नायडू नियत दिनांक एवं समय पर स्वयं अथवा अपने सहायक के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में वर्गीकरण नियम 14 (20) के तहत एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

अपर कलेक्टर एवं
जिला विभागीय जॉच अधिकारी
जिला रायसेन (म.प्र.)

जी-20923/26

मुख्यालय राज्य आपदा आपातकालीन मोचनबल मध्यप्रदेश

नूरबाग कैम्पस, पुलिस ऑफीसर मैस के सामने जहाँगीराबाद, भोपाल

क्र/65/आ.प्र./2026 **भोपाल, दिनांक. 30.10.2026**

ई-निविदा सूचना

मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल मध्यप्रदेश, पुलिस ऑफीसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार आनलाईन ई-निविदा https:// https://gem.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

स.क्र.	सामग्री का नाम	बिड क्रमांक/दिनांक	संख्या
01	ओ.बी.एम. विथ एसेसरीज	GEM/2026/B/8206378 DATE-30-10-2026	156

उक्त निविदा के संबंध में जानकारी होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश की वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि : 30/10/2026
ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि : 30/10/2026
ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 20/11/2026
निविदा खोलने की तिथि : 21/11/2026

संभागीय सेनानी
एसडीईआरएफ म.प्र. भोपाल

जी-20927/26

सेवा सदन में छह माह में 1.30 लाख से अधिक नेत्र रोगियों की जांच और उपचार

9,405 रोगियों के नेत्र ऑपरेशन किए गए

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2026) में 1,30,937 नेत्र रोगियों की जांच और उपचार किया गया। इनमें 55,155 रोगियों ने अस्पताल में तथा 75,782 रोगियों ने सेवा सदन द्वारा संचालित 43 दृष्टि जांच केंद्रों और शिविरों में आंखों की जांच और उपचार करवाया। इस अवधि में 15 जिलों के 9,405 रोगियों के ऑपरेशन किए गए। इनमें 5,693 सशुल्क और 3,712 निःशुल्क ऑपरेशन शामिल हैं।



जिलावार आंकड़ों के अनुसार भोपाल के 2,437, सीहोर के 1,272, नर्मदापुरम के 1,121, शाजापुर के 1,024, रायसेन के 789, राजगढ़ के 646, विदिशा के 544, हरदा के 478, देवास के 194, बैतूल के 177, सागर के 27 और नरसिंहपुर के 9 रोगियों के ऑपरेशन किए गए। राज्य और राज्य के बाहर के अन्य स्थानों के 666 रोगियों के ऑपरेशन भी हुए।

भोपाल गैस त्रासदी के बाद परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी ने गैस पीड़ितों की आंखों की तकलीफों को देखते हुए संत हिरदाराम नगर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की स्थापना की थी। पिछले 40 वर्षों में अस्पताल और शिविरों में 42 लाख से अधिक लोगों का उपचार किया गया तथा 3.87 लाख नेत्र ऑपरेशन हुए।

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय अब आसपास के 15 जिलों की लगभग 2.75 करोड़ आबादी को नेत्र सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। एयरपोर्ट रोड पर गांधीनगर के पास पांच एकड़ में 1.30 लाख वर्गफुट क्षेत्रफल में नया अस्पताल बनाया गया है।

यहां मोतियाबिंद सहित ग्लूकोमा, डायबिटिक रेटिनोपैथी, नेत्र प्रत्यारोपण, आरओपी और ऑक्युलोप्लास्टी जैसे जटिल ऑपरेशन किए जाते हैं। अस्पताल में 22 नेत्र रोग विशेषज्ञ सेवारत हैं। आयुष्मान भारत योजना और मेडिक्लेम कार्ड धारकों को कैशलेस उपचार की सुविधा भी उपलब्ध है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यॉ.)

लोक निर्माण विभाग, वि./ यॉ. संभाग क्र.-2, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)

सूचना प्रकाशन क्रमांक. 17/व.ले.लि./2026-27 **भोपाल, दिनांक 30/10/2026**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्रं.	एन.आई.टी. क्रं.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रं.	ठेके की अनु. राशि	धरोहर राशि	निविदा राशि
1	2026_PWDRB_546652_1	38/SAC/2026-27	प्रोवाईडिंग एन्यूअल कंप्रेसिव मेंटेनेंस एवं ऑपरेशन ऑफ 26 नंबर ऑफ लिफ्ट ऑफ मेक ओरबिस ऐलिवेटर कंपनी लिमिटेड इन्टालड एट अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडीकल कॉलेज एवं अस्पताल जिला विदिशा	प्रथम आमंत्रण	3388308.00	50000.00	5000.00
			योग:-		**3388308.00**		

नोट:- निविदा विक्रय दिनांक 30/10/2026 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 18/11/2026 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

(इंजी. हिमांशु उपाध्याय)
कार्यपालन यंत्री,
लो.नि. वि. (वि./यां.) संभाग क्र. 02 भोपाल

जी-20924/26